# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## षष्ठम्-सत्र

## तारांकित प्रश्नों की सूची

## शुक्रवार, दिनांक 21 अगस्त, 2026

## कुल संख्या-21

| | |
|---|---|
| उप मुख्यमंत्री (उच्च शिक्षा) | 03 |
| कृषि मंत्री | 03 |
| शिक्षा मंत्री | 03 |
| जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री | 03 |
| जल संसाधन मंत्री | 03 |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री | 03 |
| नगरीय विकास राज्य मंत्री | 03 |

### कुशलगढ़ में बस डिपो का निर्माण

1. (596/परिवहन) श्रीमती रमिला खड़ीया (124) – क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा कुशलगढ़ में बस डिपो की स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा भूमि का सीमांकन भी पूर्ण हो चुका है? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त बस डिपो के निर्माण हेतु अब तक क्या कार्यवाही की गयी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा उक्त बस डिपो का निर्माण कब तक पूर्ण करवा दिया जायेगा?

### सूरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र में फसल नुकसान का मुआवजा

2. (197/आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा) श्री डूंगरराम गेदर (72) – क्या

आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) श्रीगंगानगर जिले में विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य आपदा राहत कोष अथवा अन्य आपदा राहत मद से कितने व्यक्तियों को कितनी सहायता राशि प्रदान की गई है? वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र सूरतगढ़ में अप्रैल, 2026 में हुई ओलावृष्टि एवं आंधी से हुए फसलों के नुकसान की विशेष गिरदावरी करवायी गयी थी? यदि हां, तो गिरदावरी के आधार पर कितने किसानों को कितनी-कितनी सहायता राशि जारी की गई? ग्रामवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय पट्टों हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया

3. (212/पंचायतीराज) श्री शंकर सिंह रावत (159)–क्या पंचायतीराज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय भूमि पर पट्टे देने का क्या प्रावधान है?

(2) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायतों द्वारा दिये जाने वाले आवासीय पट्टों की प्रक्रिया ऑनलाइन नहीं होने के कारण आवासीय पट्टों की पत्रावलियों के गुम होने एवं फर्जी पट्टों की शिकायतें प्राप्त होती हैं?

(3) क्या सरकार आवासीय पट्टों की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बाड़मेर जिले में पेयजल व्यवस्था हेतु जारी निविदाएं

4. (279/जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी) श्री रविन्द्र सिंह भाटी (126) – क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) बाड़मेर जिले के राईजेप खंड से संबंधित समस्त उप-खण्ड

कार्यालयों में विगत तीन वर्षों में ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु कितनी निविदांए निकाली गयीं? उक्त निविदाओं में भाग लेने वाली फर्मों के नाम, सफल फर्म का नाम, कार्यादेश, स्वीकृत राशि तथा कार्य का उप-खण्डवार एवं वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त निविदाओं में एकल फर्म द्वारा भाग लिया गया है? यदि हां, तो इसके क्या कारण रहे हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त सफल फर्म/ठेकेदारों द्वारा विगत तीन वर्षों में किए गए कौन-कौनसे कार्यों का कितना-कितना भुगतान कब-कब किया गया? वर्षवार एवं उपखण्ड वार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## चौहटन विधान सभा क्षेत्र में नर्मदा नहर परियोजना की वितरिकाओं की मरम्मत

5. (464/जल संसाधन) श्री आदू राम मेघवाल (19) – क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र चौहटन में नर्मदा नहर परियोजना की भीमगुड़ा एवं पनोरिया वितरिकाओं के अंतिम छोर पर अवस्थित दासोरिया, नवापुरा, बावरवाला तथा बाखासर सहित अन्य ग्रामों में वर्ष 2024 से मार्च, 2026 तक सिंचाई हेतु नियमित पानी नहीं पहुंचने के क्या कारण रहे?

(2) क्या सरकार उक्त ग्रामों में सिंचाई हेतु निर्बाध गति से पानी पहुँचाने हेतु कोई कार्ययोजना बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र चौहटन में विगत तीन वर्षों में नर्मदा नहर परियोजना की भीमगुड़ा एवं पनोरिया वितरिकाओं के संरक्षण, संधारण, सफाई एवं मरम्मत हेतु कितनी राशि किन-किन कार्यों के लिये स्वीकृत की गयी? उक्त स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य कितनी राशि के पूर्ण व कितने अपूर्ण हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला नागौर में संचालित अम्बेडकर छात्रावास

6. (790/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री लक्ष्मण राम (141) – क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार प्रदेश में अम्बेडकर छात्रावासों की संख्या में वृद्धि करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(2) जिला नागौर में वर्तमान में कितने छात्रावास संचालित हैं? उक्त छात्रावासों में विगत तीन वर्षों में कितने छात्रों ने प्रवेश लिया? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जयपुर में द्रव्यवती नदी पर एलिवेटेड रोड का निर्माण

7. (176/नगरीय विकास एवं आवासन) श्री शान्ती धारीवाल (161) – क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि सरकार द्वारा जयपुर में द्रव्यवती नदी पर 36 कि.मी. एलिवेटेड रोड बनाने की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो क्या डीपीआर बनाने हेतु कार्यादेश जारी कर दिया गया है? कार्यादेश की प्रति सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बांदीकुई में संचालित स्ववित्तपोषी महिला महाविद्यालय

8. (130/उच्च शिक्षा) श्री भागचन्द टांकड़ा (106) – क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत कितने महाविद्यालय संचालित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत बांदीकुई में महिला महाविद्यालय संचालित

है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय को अपने अधीन लेने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कोटा संभाग में डीएपी एवं यूरिया का आंवटन

9. (280/कृषि) श्री प्रमोद जैन 'भाया' (26) – क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) कोटा संभाग के किस-किस जिले से खरीफ एवं रबी 2026 हेतु कितने-कितने मेट्रिक टन डीएपी एवं यूरिया के मांग-पत्र माह जून, 2026 तक सरकार को प्राप्त हुए? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा उक्त मांग-पत्र अनुसार कोटा संभाग के किस-किस जिले को कितने-कितने डीएपी एवं यूरिया की सप्लाई 15 जुलाई, 2026 तक की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) कोटा सम्भाग के जिलों में डीएपी एवं यूरिया आवंटन में असमानता के क्या कारण रहे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## पचपदरा विधान सभा क्षेत्र के विद्यालयों में रिक्त पद

10. (528/शिक्षा) श्री अरूण चौधरी (11) – क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र पचपदरा के राजकीय विद्यालयों में कितने विद्यार्थी अध्ययनरत हैं तथा उसके अनुपात में कितने अध्यापक कार्यरत हैं? विद्यालयवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र के विद्यालयों में अध्यापकों के कितने पद रिक्त है? सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार बालोतरा, बाड़मेर, जैसलमेर, जालौर जिलों में जनजाति क्षेत्र के जिलों के समान अध्यापकों हेतु कोई कैडर बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## शाहपुरा (जयपुर) विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत ट्यूबवेल

11. (626/जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी) श्री मनीष यादव (111) – क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र शाहपुरा (जयपुर) में वर्ष 2024, 2025 एवं जुलाई, 2026 के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत ट्यूबवेलों में से कितने सफल एवं कितने असफल निकले? सरकार द्वारा असफल ट्यूबवेलों के स्थानों पर नवीन ट्यूबवेल कब तक स्वीकृत कर दिये जायेंगे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र में भूजल स्तर अत्यंत गहरा होने तथा जल उपलब्धता कम होने के कारण सिंगल फेज ट्यूबवेल सक्षम नहीं हैं? यदि हां, तो बजट 2026-27 के अंतर्गत थ्री-फेज ट्यूबवेलों के स्थान पर सिंगल-फेज ट्यूबवेल स्वीकृत किए जाने के क्या कारण रहे?

(3) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र शाहपुरा (जयपुर) में बजट घोषणा 2026-27 के अंतर्गत स्वीकृत सिंगल-फेज ट्यूबवेलों को थ्री-फेज ट्यूबवेलों में परिवर्तित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सोजत के टुटिया व सांडिया बांध का निर्माण

12. (166/जल संसाधन) श्रीमती शोभा चौहान (165) – क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र सोजत में टुटिया एंव सांडिया बांध के निर्माण/सुदृढ़ीकरण/ जीर्णोद्धार के संबंध में घोषणा की गई थी? यदि हां, तो उक्त बांधों के लिए कितनी-कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया ?

(2) क्या उक्त बांधों की परियोजना रिपोर्ट तैयार कर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है?

(3) क्या टुटिया व सांडिया बांधों के निर्माण व जीर्णोद्धार के कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संवेदक को कार्यादेश जारी कर दिया गया है? यदि हां, तो कार्य कब प्रारंभ किया गया तथा कब तक पूर्ण करवा दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## अन्य राज्यों की महिलाओं को प्रदेश में ईडब्ल्यूएस का लाभ

13. (352/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री शत्रुघन गौतम (160) – क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि अन्य राज्यों से राजस्थान में विवाह होकर आई महिलाओं को ईडब्ल्यूएस आरक्षण का हकदार नहीं माना गया है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 10 फरवरी, 2020 तथा 16 अगस्त, 2021 के परिपत्रों के आधार पर अन्य राज्यों से आकर राजस्थान में स्थायी निवास करने वाले व्यक्ति को आय व सम्पत्ति की सीमा पूरी करने पर ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है? यदि हां, तो पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इसकी पालना किस नियम व शर्तों के तहत नहीं की गयी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त परिपत्र के अनुसरण में अन्य प्रदेशों से राजस्थान में विवाह होकर आई महिलाओं को ईडब्ल्यूएस में पात्र मानकर लाभ देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## वैर व भुसावर में सीवरेज लाइन

14. (49/स्वायत्त शासन) श्री बहादुर सिंह (99) – क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र वैर के वैर तथा भुसावर में

गन्दे पानी की निकासी के लिए सीवरेज लाइन स्वीकृत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा विगत दो वर्षों में वैर व भुसावर में गन्दे पानी की निकासी हेतु क्या प्रयास किये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त नगर पालिका क्षेत्रों में गन्दे पानी की निकासी हेतु कार्ययोजना बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सूरसागर विधान सभा क्षेत्र में संचालित आयुर्वेद चिकित्सालय

15. (587/आयुर्वेद) श्री देवेन्द्र जोशी (82) – क्या आयुर्वेद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सूरसागर में वर्तमान में किस-किस श्रेणी के आयुर्वेदिक चिकित्सालय/औषधालय संचालित हैं? उक्त चिकित्सालयों में विगत दो वर्षों में मासिक औसत आउटडोर मरीज संख्या कितनी है? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त संस्थानों में चिकित्सकों एवं अन्य श्रेणी के कितने पद स्वीकृत व कितने पद रिक्त हैं?

(3) उक्त चिकित्सालयों में से कौन-कौनसे चिकित्सालय सरकारी भवन अथवा किराये के भवनों में संचालित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सरदारशहर विधान सभा क्षेत्र में विधायक कोष से स्वीकृत कार्य

16. (328/ग्रामीण विकास) श्री अनिल कुमार शर्मा (5) – क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सरदारशहर में दिसम्बर, 2022 से जुलाई, 2026 की अवधि में विधायक कोष से कौन-कौनसे कार्यों के प्रस्ताव कितनी-कितनी राशि के कब-कब

प्राप्त हुए? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त प्रस्तावित कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त प्रस्तावित किन-किन कार्यों की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है तथा कितनों की किन कारणों से शेष है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार उक्त प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति जारी नहीं करने वाले दोषी अधिकारीयों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## संस्कृत शिक्षा में कार्मिकों का समायोजन

17. (557/संस्कृत शिक्षा) श्री दीन दयाल (119) – क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि संस्कृत शिक्षा में शैक्षणिक संवर्ग के कार्मिकों के पदों का समानीकरण कर कार्मिकों का समायोजन किया गया है? यदि हां,तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि नजदीकी विद्यालयों में रिक्त पद होने के बावजूद भी कार्मिकों को दूरस्थ जिलों में लगाया गया है? यदि हां,तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार शिक्षा विभाग की भांति संस्कृत शिक्षा विभाग में समानीकरण/समायोजन/स्थानान्तरण जिला/संभाग स्तर पर ही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## फलोदी विधान सभा क्षेत्र में पेयजल योजना का सर्वे

18. (653/जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी) श्री पब्बाराम विश्नोई (87) – क्या जन स्वास्थ्य

अभियान्त्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र फलोदी में कितने नलकूप बन्द हैं? उक्त नलकूपों को कब तक ठीक करवा कर पेयजल आपूर्ति कर दी जायेगी?

(2) सरकार द्वारा उक्त बन्द नलकूपों के चालू नहीं होने तक जलापूर्ति हेतु क्या वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी?

(3) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र फलौदी में विगत सरकार के कार्यकाल में सर्वे से वंचित आबादियों का पुन: सर्वेक्षण करवाकर घर-घर नल से जोड़ने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नेवटा बांध से गुलर बांध तक पुलिया का निर्माण

19. (183/जल संसाधन (आयोजना)) श्री कैलाश चन्द वर्मा (36) – क्या जल संसाधन (आयोजना) मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि बजट 2025-26 नेवटा बांध में जल निकासी, परिष्कृत जल एवं अपवर्तन संबंधी कार्यों के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है? यदि हां, तो उक्त कार्य का कार्यादेश कब जारी किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि बजट घोषणा अंतर्गत नेवटा बांध से गुलर बांध तक पुलिया निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के लिए 26 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है? यदि हां, तो क्या उक्त कार्य प्रारम्भ हो चुके हैं? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## करेड़ा के देवनारायण छात्रावास का आवासीय विद्यालय में परिवर्तन

20. (457/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री उदयलाल भडाणा (22) – क्या सामाजिक न्याय एवं

अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र माण्डल के करेड़ा में पूर्व में स्वीकृत देवनारायण छात्रावास को संशोधित कर देवनारायण आवासीय विद्‌यालय के रूप में संचालित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नगरपालिका भीम में स्वीकृत पद

21. (547/स्वायत्त शासन) श्री हरिसिंह रावत (193) – क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि नगरपालिका भीम के कार्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य के लिए कोई स्वीकृति जारी की गयी है? यदि हां, तो कब व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त नगरपालिका में सभी पदों को सृजित/स्वीकृत कर दिया गया है? यदि हां, तो कब? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्‌वारा सभी सृजित/स्वीकृत पदों को भर दिया गया है? यदि हां, तो कब व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर।**
**दिनांक : 10 अगस्त, 2026**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव**